




डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26

ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 88 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | गुरुवार 09 जनवरी 2025 | मूल्य 2 रुपया




टॉप कंडीशन में....
Royal Enfleld metro-350
बेचना है। मॉडल 2021
संपर्क करें – 8871447322





**18 वां पुण्य स्मरण**

परम श्रद्धेय पूज्य **स्व. श्री बद्रीलालजी झंवर** (जावद वाले)

(स्वर्गवास 9 जनवरी 2007)

आपके उच्च आदर्श, जीवन दर्शन के संकल्प और हम सभी के प्रति अगाध स्नेहमयी उष्मता हमें प्रेरित करती रहेगी। हम आपके सुदृढ़, दयालु एवं सरल विचार के साथ आपके सपने साकार करने को कृत संकल्प है।

आपकी 17वीं पुण्यतिथि पर हम सभी परिवारजन श्रद्धासुमन अर्पित करते है।

**** श्रद्धावनत ****

♦ राधेश्याम – गीता, जगदीश– रेखा, सुनील–संध्या (पुत्र–पुत्र वधु), चन्द्रेश – मेघना (पौत्र– पौत्रवधु), आकाश–कृतिका (पौत्र– पौत्रवधु), पलाश, प्रतीक (पौत्र), कार्तिक (प्रपौत्र) एवं समस्त झंवर परिवार

♦ सुनीता– सुनील बाहेती, अनिता– नितिन काबरा (पुत्री व दामाद), ज्योति– मंगल काबरा विद्या– आशीष चिचानी (पौत्री व दामाद), मयंक, केशव, माधव, अवि, शिवांस (दोयता), पलक, सिया, सोमिया(दोयती)

** फर्म **
♦ जगदीश टी डिपो
♦ झंवर इंटरप्राईजेस
♦ विनस कम्प्यूटर्स,
♦ झंवर मेडिकोज
मन्दसौर


# भाजपा जिलाध्यक्ष से भी पॉवरफूल सड़क ठेकेदार..!

## अब दम तोड़ रही कलेक्टोरेट की उत्कृष्ट सड़क



## प्रभारी मंत्री के निर्देश पर जांच और रिपोर्ट तक सीमित कार्रवाई

**मंदसौर, 08 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** सत्तापक्ष के जिलाध्यक्ष के पॉवर का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि भाजपा में जिलाध्यक्ष की नियुक्ति करने में पसीना आ रहा है। लेकिन, मंदसौर में मानो सड़क ठेकेदार का पॉवर ही जिलाध्यक्ष से ज्यादा हो। मामला है कलेक्टोरेट मार्ग की उत्कृष्ट सड़क का। प्रभारी मंत्री से शिकायत के बाद जांच और रिपोर्ट तक ही कार्रवाई सीमित रह गई। सड़क की खामियां, तकनीकी कमियां, पैवर ब्लॉक, लापरवाही, अधूरा काम, पौधे, डिवाइडर तो पुरानी बात हो गई। अब स्थिति यह है कि करोड़ो की उत्कृष्ट सड़क गांव कुचड़े की सड़क की भांती नजर आ रही है। यहां पैवर ब्लॉक टूट ही नहीं गए है, बल्कि दुर्घटना को दावत देने की स्थिति में पहुंच गए है।

### आम नहीं, स्पेशल सड़क...

यह गली मोहल्ले में बनने वाली आम सड़क नहीं, बल्कि उत्कृष्ट सड़क है। जहां आम सड़क में लाखों रुपए खर्च होते हैं। वहीं कुछ निर्धारित मापदंडों का पालन कर बनने वाली उत्कृष्टसड़क में करोड़ों रुपए खर्च होते हैं। मंदसौर में चार उत्कृष्टसड़क है। इसमें सबसे ज्यादा दयनीय स्थिति कलेक्टोरेटवाली उत्कृष्ट सड़क की है। इसका कारण है कि सड़क निर्माण के समय मापदंडों को ही ताक पर रख दिया गया। गली मोहल्ले की तरह यहां सड़क का निर्माण किया गया। जबकि, रुपया ठेकेदार ने पूरा वसूला।

### डीपीआर और हकीकत में है कई विसंगतिया...

यह सड़क निर्माण से ही चर्चाओं में रही। उत्कृष्टसड़क की जो डीपीआर तैयार हुई और जो जमीन पर काम हुआ, इसके बारे में कोई भी बोलने को तैयार नहीं है। इसमें निजी भू- मालिको की जमीने आने से यह शुरुआत से ही चर्चाओं में रही। उत्कृष्ट रोड के लिए तैयार डीपीआर में सबसे नीचे बेस बनाने के लिए कच्ची मुरम बिछाना थी, फिर 60 सेमी हार्डमुरम बिछाना थी। फिर 40 सेमी की जीएसबी होना थी। यहां 40 सेमी की जगह 20 सेमी की ही जीएसबी की गई। वहीं बरसात के बाद डामरीकरण कर दिया था। इसी मार्गपर तैलिया तालाब में आ रहे मुख्य नाले पर पुलिया भी बनाई गई है। इसके लिए नपा ने 20 लाख रुपए में पिलर व स्लेब डालने के बजाए लगभग 62 लाख रुपए खर्चकर 153 पाईप डालकर पुलिया बनाई। इनमें सबसे नीचे की लाइन में 9-9 पाईप की 10 लाइन बनाई गई। इसके ऊपर सात लाइन में 9-9 पाइप लगाए गए है। जबकि, लोक निर्माण विभाग भी अधिकतम तीन पाईप की ही पुलिया बनाता है।

### अब यह हो रही स्थिति...

बात करें इस सड़क की वर्तमान स्थिति की। सड़क गली, मोहल्ले और गांव की पुरानी सड़कों की भांती दिखाई देने लगी है। स्थिति पैवर ब्लॉक को देखकर ही लगाई जा सकती है। पैवर ब्लॉक घटिया निर्माण को चीख चीख कर बता रहे हैं। फूटपाथ से पैवर ब्लॉक निकल चुके हैं। पैवर ब्लॉक के साइड में नाले सिर्फ दिखाने के लिए बनाए गए है। यहां पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है। सड़क एलाईमेंट पर ध्यान नहीं देने से तकनीकी खामी के कारण बारिश में सड़क नाला बन जाती है। जहां राजमार्ग हो या अन्य सड़को के डिवाइडर, पौधे हरे भरे होकर सुंदर दिखाई दे रहे हैं। वहीं यहां लगाए गए पौधे बढने का नाम नहीं ले रहे हैं। मानो यहां पौधे लगाकर जनता पर अहसान किया गया हो। इसके अलावा उत्कृष्ट सड़क के मापदंडों के अनुसार सीमेंट की कुर्सी का निर्माण भी होना था। लेकिन, ठेकेदार ने वह भी नहीं किया।

### तीन भागों में बनी थी सड़क...

जानकारी के मुताबिक करीब आठ करोड़ की लागत से सड़क का निर्माण किया गया था। यह सड़क तीन हिस्सों में तैयार हुआ थी। महू नीमच रोड से लेकर यशनगर तक रोड का निर्माण पीडब्ल्यूडी विभाग ने करवाया था। वहीं यश नगर से लेकर कलेक्ट्रेट तक की सड़क का निर्माण नगर पालिका ने करवाया था। जबकि, कलेक्ट्रेट से लेकर बायपास चौराहा तक की सड़क का निर्माण पीडब्ल्यूडी विभाग के करवाया था। इसकी कुल लागत आठ करोड़ रूपए आई थी।

### पार्षद ने की थी प्रभारी मंत्री से शिकायत, सिर्फ जांच ही हुई...

बता दें कि कुछ समय पूर्व पार्षद भारती पाटीदार ने इस सड़क की अनियमितता को लेकर बैठक में तत्कालीन प्रभारी मंत्री राजवर्धनसिंह दत्तीगांव से शिकायत की थी। प्रभारी मंत्री के आदेश पर जांच कमेटी बनाई गई। इसमें जल संसाधन विभाग के ईई विजेंद्र डोंडवे, सेतु विभाग एसडीओ प्रवीण नरवरे, पीडब्ल्यूडी एसडीओ राजेंद्र सोनगरा... शेष पेज 4 पर

# कब बाहर आएगा बीजेपी जिलाध्यक्ष का जिन्न..?

## नाम तय...घोषणा बाकी, अन्य जिलों में फंसे पेंच से देरी

**मंदसौर, 08 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** भाजपा में नए जिलाध्यक्ष का जिन्न अभी तक बाहर नहीं आ पाया है। इसका कारण यह बताया गया है कि अन्य जगहों पर पेंच उलझे हुए है। दिल्ली में मंदसौर जिलाध्यक्ष का नाम लिफाफे में बंद होकर पहुंच गया। लेकिन, बुधवार भी गुजर गया। पर घोषणा नहीं हो पाई। अब फिर माना जा रहा है कि आज गुरुवार को घोषणा हो जाएगी।

भाजपा के जिलाध्यक्षों के नामों की सूची बुधवार को भी जारी नहीं हो सकी। इसकी वजह पार्टी के बड़े नेताओं द्वारा आपस में इलाके बांटकर अपने चहेतों के नाम आगे कर दिए हैं। वहीं संघ की ओर से आए ज्यादातर नामों की उपेक्षा कर दी है। संघ के नामों को पीछे करने के लिए नेताओं के बीच आपसी असहमति का ड्रामा भी खड़ा किया गया है। सिंधिया और तोमर ने ग्वालियर चंबल तो मोहन यादव ने उज्जैन संभाग, इंदौर में कैलाश विजयवर्गीय, जबलपुर और सागर में वीडी, प्रहलाद सिंह और राकेश सिंह की चली है। ज्यादातर ग्रामीण इलाकों वाले जिलों में संगठन की चली है। लेकिन, महानगरीय और शहरी जिलों में सत्ता-संगठन के बड़े नेताओं में मतभेद हैं। इस कारण पार्टी कैडर में नीचे असंतोष भी पनप रहा है। इस कारण भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा और प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद मंगलवार शाम को भोपाल से दिल्ली रवाना हुए। दोनों को राष्ट्रीय संगठन महासचिव बीएल संतोष ने दिल्ली बुलाया था।

### इन दावेदारों के नाम लगभग तय...

हाल ही में दो संगठनात्मक जिले सागर और धार में बनाए गए हैं। जो बढ़कर अब 60 से 62 हो गए हैं। सूत्रों के मुताबिक ग्वालियर-चंबल में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, विवेक शेजवलकर से लेकर तमाम नेता जोर लगाए हुए हैं। इंदौर में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और रीवा में डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल के दावेदार के नाम लगभग तय माने जा रहे हैं।

बता दें कि 02 जनवरी से लगातार जिलाध्यक्षों के नामों पर मंथन किया जा रहा है। पार्टी प्रदेश के 60 संगठनात्मक जिलों में से 35 -40 जिलों के अध्यक्षों के नाम 05 जनवरी को घोषित करने वाली थी। लेकिन 06 जनवरी को पुन: सूची पर विचार-विमर्श किया गया। मुख्यमंत्री आवास पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, विष्णुदत्त शर्मा, हितानंद ने दो घंटे तक मंथन किया था और पार्टी पदाधिकारियों द्वारा मंगलवार तक सूची जारी करने की बात कही जा रही थी। इन पांच दिनों में प्रदेश नेतृत्व ने बैठक कर सामाजिक और राजनीतिक समीकरण बैठाते हुए सूची तैयार की। लेकिन कुछ नामों पर सहमति नहीं बनने से यह जारी नहीं हो सकी।

# मौसम: पारा 6.5 डिग्री पर पहुंचा

## अब तीन दिन कड़ाके की ठंड का अनुमान

**मंदसौर, 08 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** अंचल में शीतलहर के असर से दिन फिर सर्द हो गए हैं। पिछले सप्ताह तापमान में उतार चढ़ाव देखने को मिला। मंगलवार से ठंडी हवाएं चली, इससे तापमान में गिरावट आई। वहीं बुधवार को अधिकतम तापमान 21.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 6.5 डिग्री के आसपास बना हुआ है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 3 दिन तक कड़ाके की ठंड पड़ेगी। वहीं, 10 जनवरी से बादल और बूंदाबांदी वाला मौसम रहेगा। 12 जनवरी को कई शहरों में हल्की बारिश होने का अनुमान है।

उत्तर भारत में वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) की एक्टिविटी के बाद सर्द हवा की रफ्तार बढ़ गई है। मंगलवार को 12.5 किमी की ऊंचाई पर 250 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से जेट स्ट्रीम हवाएं बही, जिसका असर... शेष पेज 4 पर


**तेईसवां पुण्य स्मरण**



अवसान : 9 जनवरी, 2002
एक महान कर्मयोगी
अविनाश ग्रुप के संस्थापक
श्रद्धेय बाबूजी स्व. श्री कश्मीरीलालजी
गंगानगर परिवार
अपने पितृ पुरुष को
श्रद्धांजलि अर्पित करता है।

आपकी प्रेरणा की ज्योति सदैव हमारा पथ आलोकित करती रहेगी।
एक महान कर्मयोगी और स्वप्नदृष्टा को सादर नमन, जिन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन सत्य और आदर्शों के प्रति समर्पित कर दिया।

अविनाश ग्रुप, नीमच



HAPPY BIRTHDAY



जिंदगी एक फूल है, कांटो से बचते रहना।
जन्मदिन मुबारक हो, फूलों से हंसते रहना॥

हमारे प्रिय मित्र, हरदिल अजीज
**दीपक साहू**
'गज्जू सम्राट'
को आज जन्मदिवस पर

HAPPY Birthday HAPPY Birthday

हार्दिक शुभकामनाएं

********* शुभेच्छु *********


बलराम अडानिया 'पटेल' समाजसेवी मंदसौर


विक्की गौसर हिन्दू नेता, मंदसौर


अनिल टांक 'पटेल' समाजसेवी मंदसौर



**सोलवां पुण्य स्मरण**



स्वर्गवास दि. 9.1.2009

सारे घर की रौनक थी उनसे सारे घर की शान थे
शायद प्रभु ने देकर भेजा, फल ये अच्छे कर्मों का
उनका आशीष, उनकी प्रेरणा हम सबको वरदान है

**स्व.श्री नंदरामजी लौहार**
की सोलहवीं पुण्यतिथि पर
अश्रुपूरित श्रद्धांजलि

श्रद्धावनत–जगदीशचन्द्र, गोविन्दराम, मनोहरलाल चंडावला (पुत्र), श्रीमती कमलीबाई–स्व. मोहनलालजी लौहार (पुत्री–दामाद) खजूरी, श्रीमती मोहनीबाई पति स्व. रमेशचन्द्रजी लौहार (पुत्री–दामाद), कनघट्टी, चि. गोपाल, श्यामलाल, लक्ष्मीनारायण, महेश, गिरीश, भूपेन्द्र, चन्द्रशेखर (लालू), देवेन्द्र, महेन्द्र (बबलू) पौत्र, वन्दना पंकज रसानिया रामपुरा, रेखा दुर्गाशंकर करांजिया दलोदा, लता किशोर थोरेचा नीमच, सुनीता कृष्णप्रकाश धनवारिया निम्बाहेड़ा, अनिता गणपत थोरेचा वांगरेड (पौत्री–दामाद), प्रियांशु, हार्दिक, ऋषभ, युवान, लक्ष्य, वंश, लव्यांश, कव्यांश, जयांश, सारांश (पड़पौत्र) दीक्षा, प्रतीक्षा, इशिका, रुद्राक्षी, जानवी, कामाक्षी, भावी (पड़पोत्री) एवं समस्त चंडावला परिवार–पिपलियामंडी

प्रतिष्ठान- श्री गोपाल इंजीनियरिंग वर्क्स (कृषि यंत्रों एवं औजारों के निर्माता एवं विक्रेता)
महू–नीमच राजमार्ग, पिपलियामंडी, मो.9425441647, 9406607610, 8819818085

## विधायक मारू को बड़ी जिम्मेदारी, प. दुबे राष्ट्रीय संसदीय विद्यापीठ के उपाध्यक्ष नियुक्त

**मनासा, 08 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** क्षेत्र के विधायक अनिरुद्ध माधव जी मारू को पंडित कुंजीलाल दुबे राष्ट्रीय संसदीय विद्यापीठ (संसदीय कार्य विभाग के अधीन संस्था) का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

इस महत्वपूर्ण नियुक्ति पर क्षेत्रवासियों ने विधायक जी को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विधायक अनिरुद्ध माधव जी मारू ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी और संसदीय कार्य मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय जी का विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जिम्मेदारी मेरे लिए गर्व और प्रेरणा का स्रोत है। विधायक जी की यह नियुक्ति उनकी सक्रियता, नेतृत्व क्षमता और जनता के प्रति समर्पण का प्रमाण है। यह क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण है और उम्मीद है कि वे अपने इस नए दायित्व को पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निभाएंगे।

## तीन संस्थानों पर 20 खाद्य पदार्थो की जांच की

**नीमच, 08 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बुधवार को नीमच शहर में स्थित तीन संस्थोनों का निरीक्षण कर, कुल 20 खाद्य पदार्थों जिंसमें मसाले ,पनीर,चीज,बटर, सांभर,चटनी,ग्रेवी आदि 20 खाद्य पदार्थों की जांच चलित खाद्य प्रयोगशाला से की। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री यशवंत शर्मा ने बताया, कि विभाग द्वारा बुधवार को नीमच में फर्म शंकर मद्रासी नीमच, द ग्रीन (रूफटॉप रेस्टोरेंट), नीमच व फर्म द फूड फैक्टर कैफे एंड रेस्टोरेंट, नीमच का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में साफ सफाई,एनुअल मेडिकल रिकॉर्ड, व्यक्तिगत स्वच्छता आदि कमियां पाई जाने पर खाद्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 55 के अंतर्गत कमियों को समयावधि में दूर करने के निर्देश दिए गए।



## अवसर अपने आप नहीं आते, आप उन्हें बनाते हैं- प्राचार्य

**मंदसौर, 08 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** आज मंदसौर पीएम एक्सीलेंस राजीव गांधी गवर्नमेंट पीजी कॉलेज मंदसौरके व्यवसायिक प्रशासनिक विभाग (बी.बी.ए.) तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु उन्हें प्रेजेंटेशन स्किल की शिक्षा दी।

प्राचार्य डॉ आर.के. वर्मा ने कक्षाओं का निरीक्षण करते हुए विद्यार्थियों को नवाचार एवं प्रबंध के साथ शिक्षा प्राप्त करने की सलाह देते हुए कहा अवसर स्वयं नहीं आते, आप उन्हें बनाते है एवं विभाग के प्राध्यापकों को इस तरह के आयोजन हेतु प्रोत्साहित किया। वाणिज्य संकायाध्यक्ष डॉ. डी.सी. गुप्ता विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए कहा आप सभी नौकरियां के पीछे ना भागे, आप उद्यमिता की ओर बढ़े और नौकरियों को पैदा करें। व्यावसायिक प्रशासनिक विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रजत जैन ने बताया कि विद्यार्थियों की किताबी शिक्षा के साथ स्किल विकास हेतु विभाग विभिन्न तरह की गतिविधियां नवाचार के माध्यम से कर रहा है नवीनतम तकनीक,सोचने एवं निर्णय लेने की क्षमता, समस्या का सुचारू समाधान करने के लिए विद्यार्थियों को तैयार किया जा रहा है। डॉ. जैन ने कहा इस पीपीटी प्रेजेंटेशन से विद्यार्थियों की कम्युनिकेशन स्किल्स को सुधार कर आत्मविश्वास दिया जा रहा है जिससे वह अपने व्यवसाय में सफल हो सके और अपनी व्यवसायिक शिक्षा का सही उपयोग कर सके। प्रोफेसर शालू नलवाया ने बताया विभाग द्वारा दो दिवसीय आयोजन में तृतीय वर्ष के 109 विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों जैसे सस्टेनेबल डेवलपमेंट, जीएसटी, फाइनेंशियल मैनेजमेंट, ई-कॉमर्स, ऑनलाइन फ्रॉड, मार्केटिंग मिक्स, 5 जी नेटवर्क पर प्रेजेंटेशन दिया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रोफेसर साक्षी विजयवर्गीय ने माना।

## गुरु वह स्थान है जिसके बिना हरि भी नहीं मिल सकते -आचार्य रामानुजजी

**मंदसौर, 08 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** आचार्य श्री रामानुज जी ने व्यास पीठ पर विराजित होकर कहा कि व्यक्तित्व को समुंद्र की भांति विशाल बनाओगे तो जीवन खुशहाल बन जायेगा। व्यक्ति को संसार के वैभव के बजाय आत्मा का वैभव बढ़ाना चाहिए इसमे गुरु की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, गुरु ही हमे सन्मार्ग की और ले जाते है। गुरु ही हमे भवसागर को पार कराते हैं। क्योंकि गुरु वह स्थान है जिसके बिना हरि भी नही मिल सकते।

आचार्य श्री रामानुजजी श्री हरिकथा आयोजन समिति द्वारा आयोजित रुद्राक्ष माहेश्वरी भवन में आयोजित श्री रामकथा कें पंचम दिवस व्यास पीठ पर विराजित होकर कथा श्रवण करा रहे थे। आचार्यश्री ने कहा कि जिंदगी में पतित को उठाकर गले ना लगा सको तो चलेगा वह काम तो कोई साधु, संत, मुनि कर देगा लेकिन जीवन मे इस बात का ध्यान रखना की अनजाने में भी किसी को धक्का ना लग जाये अन्यथा उसकी आह हमारे पूरे संसार को जला सकती है। देवी अहिल्या की कथा सुनाते हुए आचार्य श्री ने कहा की एक आह ने गौतम ऋषि का हस्ता खेलता आश्रम वीरान कर दिया था। अहिल्या की वेदना ने महामुनि विश्वामित्र को उदवलित कर दिया था। क्योकि अहिल्या के मन मे सद्गुरु के वचनों पर भरोसा था। जीवन मे हमेशा ध्यान रखिये सद्गुरु ने जो कहा है कर दीजिए अहिल्या की भांति आपका भी कल्याण हो जाएगा। जीवन मे जो भी दुविधा लेकर सद्गुरु के चरणों मे पहुचते है तो सद्गुरु हमारी दुविधाओं को भगवान के कानों तक पहुचते है उसी समय राम उतर कर आते हैं और दुविधाओं को सुविधाओं में बदल देते हैं। आपने कहा कि सद्गुरु को मन मे रखकर मंदिर की सीढ़ी चढ़ जाए तो कौन कहता है हमे मिलने के लिए भगवान आसमां से उतर कर नही आए। पंचम दिवस की कथा विश्रांति पर श्री हरिकथा आयोजन समिति के अध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल में 21 कन्याओ के नि:शुल्क विवाह आयोजन के संकल्प के साथ हो रही श्री रामकथा के आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत की और कहा कि अब तक छ: जोड़ो की विवाह के लिए स्वीकृति मिल चुकी है। 11 जोडो के धर्म के माता पिता ने भी अपनी सहमति दे दी है। विवाह आयोजन भव्य रूप से अक्षय तृतीया पर आचार्यश्री रामानुजजी के सानिध्य में आयोजित किया जाएगा। संचालन वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश जोशी,लोकेश पालीवाल ने किया।



## कालेज चलो अभियान के अंतर्गत पीएम एक्सीलेंस कालेज की टीम ने किया स्कूलों में भ्रमण

**मंदसौर, 08 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सत्र 2025-26 हेतु कॉलेज चलो अभियान प्रारंभ किया गया। प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मंदसौर के प्राचार्य डॉ. आर.के. वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कॉलेज चलो अभियान के तहत दिनांक 8 जनवरी 2025 को महाविद्यालय के प्राध्यापकों की समिति




ने सेंट थॉमस स्कूल मंदसौर, एन.एस. संघवी स्कूल मंदसौर, व शासकीय उ.मा. विद्यालय धारियाखेड़ी में महाविद्यालय से संबंधित विभिन्न जानकारियां पीपीटी के माध्यम से विद्यार्थियों को दी।

कॉलेज चलो अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. जे.एल. आर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि समिति में महाविद्यालय की ओर से डॉ. वीणा सिंह, डॉ. दीपक कुमार, डॉ. उत्तम कुमावत, डॉ. ललिता लोधा, प्रो. योगेश पटेल, हीरालाल जाटव उपस्थित थे जिन्होंने स्कूली विद्यार्थियों को महाविद्यालय में संचालित विभिन्न रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम एवं स्ववित्तीय पाठ्यक्रमों के साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की रूपरेखा बताते हुए महाविद्यालय में उपलब्ध संसाधनों की जानकारी देकर विद्यार्थियों को महाविद्यालय में प्रवेश लेने हेतु प्रोत्साहित किया। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय में खेलकूद संबंधी गतिविधियां एन.एस.एस. व एन.सी.सी. की जानकारी भी प्रदान की गई। टीम ने शासन की सभी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी विद्यार्थियों को दी ताकि महाविद्यालय में प्रवेश लेते समय वे विभिन्न योजनाओं का लाभ ले सकें एवं उन्हें समस्याओं का सामना न करना पड़े। उपरोक्त स्कूलों के प्राचार्य फादर जॉनसन, श्री राजेश सिंघवी, श्रीमती नताशा वाजपेई सहित उनके स्टाफ ने महाविद्यालयीन टीम को पूर्ण सहयोग प्रदान किया।

## प्राचार्य का निलंबन भाजपा की कुंठित मानसिकता-डा. तोमर

**मंदसौर, 08 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय पीएम एक्सीलेंस कॉलेज के प्राचार्य का निलंबन भाजपा की कुंठित मानसिकता का प्रमाण है। यह बात शहर कांग्रेस कमेटी मन्दसौर अध्यक्ष डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपने अइतझ के संयोजक और उसके उन साथियों को जो लगातार कॉलेज परिसर में हुड़दंग कर रहे थे एवं बदजुबानी कर रहे थे उन्हें बचाने का असफल प्रयास किया है लेकिन वह सफल नहीं होंगे क्योंकि हम कल इस मामले में उच्च न्यायालय की शरण छड्णख के माध्यम लेंगे और दोषियों पर कार्यवाही करा के ही दम लेंगे।



## घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**पिपलियामंडी, 08 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया। फर्नीचर का कार्य करने वाले महावीरगंज निवासी ललित शर्मा ने पिपलियामंडी चौकी पर शिकायत दर्ज कराई कि मैं साइड पर गया था। बाइक (एमपी 14 जेडसी 8603) घर के बाहर लॉक कर खडी की थी। वापस आया तो बाइक नही थी। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज किया।

## राधिका का राष्ट्रीय बेसबॉल प्रतियोगिता में चयन



**दलौदा, 08 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** श्री साई पब्लिक स्कूल दलौदा के अध्ययनरत बालिका सीनियर वर्ग में कक्षा 11वी की छात्रा राधिका पाटीदार पिता गोपाल पाटीदार गांव आकोदडा का 68 वीं राष्ट्रीय शालेय बालक -बालिका सीनियर बेसबॉल प्रतियोगिता में चयन हुआ है। यह प्रतियोगिता 15 से 18 जनवरी तक नांदेड़ (महाराष्ट्र )में आयोजित की जाएगी। इसके पूर्व 8 से 12 जनवरी तक प्री -नेशनल कैंम्प छतरपुर मे आयोजित होगा। राधिका पाटीदार नांदेड( महाराष्ट्र) में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय सीनियर बेसबॉल प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करेगी। राधिका के चयन होने पर संस्था संचालक मोहसिन अख्तर, सहायक संस्था संचालक नबील अख्तर, एवं खेल प्रशिक्षक दिनेश धाकड, अभिषेक सेठिया, सपना धाकड, जयेश माली, आरती चंद्रावत एवं समस्त विद्यालय परिवार चयनित खिलाड़ी एवं उसके परिवारजनों को शुभकामनाएं प्रेषित की और खिलाडी के उज्जवल भविष्य की कामना की। यह जानकारी विद्यालय बेसबॉल कोच कु. आरती चन्द्रावत दी।

## आदिवासी मजदूर को बस ने रौंदा, दर्दनाक मौत

**पिपलियामंडी, 08 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** सडक पार कर रहे आदिवासी मजदूर को बस ड्राइवर ने रौंद दिया, जिससे युवक की दर्दनाक मौत हो गई। बस की छत पर क्षमता से अधिक लगेज रखा हुआ था। जानकारी के अनुसार दुर्घटना बुधवार को दोपहर पौने तीन बजे करीब मल्हारगढ-नारायणगढ़ मार्ग पर आकली रास्ते के यहां हुई। पैदल रोड क्रास कर रहे छाबडिया (रावटी, रतलाम) निवासी गुड्डू (35) पिता भेरुलाल डामर को संजीत से नीमच जा रही मेहता बस (एमपी 44 जेडसी 8676) के ड्राइवर ने टक्कर मार दी, बस के नीचे आने से युवक का सिर कूचल गया। सूचना पर 108 एम्बूलेंस से युवक को शासकीय अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बस ड्राइवर पर केस दर्ज किया। जानकारी के अनुसार मजदूर गुड्डू नारायणगढ में रहता था, मजदूरी के लिए चल्दू गया, लेकिन काम नही मिलने से वापस नारायणगढ आ रहा था।

## विद्यार्थियों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां

**मंदसौर, 08 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय सीएम राइज विद्यालय साबाखेड़ा में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 1 से 12 के छात्र/छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सहायक संचालक श्रीमती टेरेसा मिंज, सी एम राइज विद्यालय गुर्जरबर्डिया के प्राचार्य श्री राजेश मिश्रा, जनपद सदस्य श्री बंशीलाल धनगर, उप सरपंच श्री कारूलाल पाटीदार उपस्थित थे। सभी अतिथियों का संस्था के प्राचार्य श्री दिलीप सिंह डाबी द्वारा स्वागत किया गया एवं संस्था में हो रही गतिविधि की जानकारी दी। सहायक संचालक श्रीमती टेरेसा मिंज और जनपद सदस्य श्री बंशीलाल धनगर द्वारा बच्चों द्वारा किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम व शाला में कार्यरत शिक्षकों के कार्य की प्रशंसा की और बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 12वीं की छात्राओं द्वारा किया गया। व आभार प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय श्री रतनलाल चौहान द्वारा माना गया।

## वार्ड क्र. 39 में विकास कार्यों का भूमिपूजन सम्पन्न



**मंदसौर, 08 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** नगरपालिका परिषद मंदसौर के द्वारा कल बुधवार को वार्ड नं. 39 में मेघदूत नगर व यश नगर में लगभग 30 लाख रू. के निर्माण कार्यों की भूमिपूजन किया गया। वार्ड क्र. 39 के वात्सल्य स्कूल वाली रोड व मेघदूत नगर में अम्बेडकर बस्ती के विभिन्न मार्गों पर होने वाले सीसी रोड के निर्माण कार्य को प्रारंभ किये जाने हेतु भूमिपूजन कार्यक्रम वात्सल्य स्कूल के पास आयोजित किया गया। पूर्व विधायक व भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता श्री यशपालसिंह सिसौदिया के मुख्य आतिथ्य एवं नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर की अध्यक्षता में आयोजित इस भूमिपूजन कार्यक्रम में भाजपा पिछड़ा मोर्चा प्रदेश मंत्री श्री धीरज पाटीदार, वरिष्ठ अभिभाषक श्री तेजपालसिंह शक्तावत धाकड़ी भी विशेष रूप से शामिल हुए। अतिथिगणों ने श्रीफल बदारकर सीसी रोड के निर्माण कार्य के प्रारंभ करने हेतु भूमिपूजन किया। इस अवसर पर अतिथिगणों का स्वागत क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती भारती पाटीदार, लोक निर्माण सभापति निर्मला चंदवानी, पार्षदगण दीपक गाजवा, कमलेश सिसौदिया, गोवर्धन कुमावत, नरेन्द्र बंधवार, भाजपा नेता रॉकी यादव, जितेन्द्र यादव, जगदीश सोनी, कमलेश व्यास, पप्पू दमामी, सुरेश चावला, यशवंत परमार, मदनलाल सोनी, शरद ओझा, मांगीलाल राठौर, जसवंतसिंह कच्छावा, ललिता पाटीदार, सूरज सोनगरा, निर्मला सोनी, प्रियंका परमार, सेवंती ओझा, नपा कार्यपालन यंत्री पी.एस. धारवे, उपयंत्री एस.पी.सिंह, ठेकेदार पंकज जैन, समयपाल पंकज साकी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकगण भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रॉकी यादव ने किया तथा आभार क्षेत्रीय पार्षद भारती पाटीदार ने माना।

## एडीएम ने चल्दू में महिलाओं के बंधेज प्रशिक्षण का लिया जायजा

**नीमच, 08 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिला प्रशासन द्वारा जिले में बांछड़ा समुदाय के उत्थागन, कल्याण एवं स्वरोजगार उपलब्ध कराने के लिए संचालित पंख अभियान के तहत कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन मे मध्यप्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन तहत ग्राम पंचायत चल्दू में समुदाय विशेष की महिलाओं (बाछड़ा) समुदाय एवं अन्य महिलाओं के लिए पांच दिवसीय बंधेज प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा हैं। इस प्रशिक्षण में स्व-सहायता समुह की महिलाओं द्वारा उत्साहपूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया जा रहा हैं। एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड, एसडीएम डा.ममता खेडे.एवं डिप्टी कलेक्टर श्रीमती रश्मि श्रीवास्तव ने बुधवार को इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का जायजा लिया और प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं से चर्चा कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम मे मास्टर ट्रेनर श्री मोहमद आसिफ बढ़वाला उज्जैन द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।



## टीबी मुक्त भारत अभियान के लिए जन जागरूकता शिविर गरोठ में सम्पन्न

**मंदसौर, 08 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग के मार्गदर्शन में जिले में टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जन जागरूकता शिविर आयोजित हो रहे है। गरोठ एसडीएम कार्यालय में टीबी मुक्त भारत अभियान का शिविर आयोजित हुआ। गरोठ एसडीएम द्वारा टीबी मुक्त भारत अभियान में शपथ दिलाई गई।

शिविर में एक्सरे के माध्यम से जांच की जा रही है। शिविर में जानकारी दी गई कि जोखिम क्षेत्र वाले लोग जैसे श्रमिक ईटभट्टेपर कार्य करने वाले, क्रेशर मशीनों पर कार्य करने वाले, उद्योगों में काम करने वाले, 60 वर्ष से ऊपर आयु वाले, मधुमेह के रोगी, कैंसर के रोगी, डायलिसिस के रोगी, धूम्रपान शराब का सेवन करने वाले जोखिम क्षेत्र के समूह में आते हैं ऐसे व्यक्तियों में यह बीमारी होने का खतरा ज्यादा हो सकता है। सभी व्यक्ति जांच जरूर करवायें। इस बीमारी की समस्त जांच एवं उपचार समस्त शासकीय संस्थाओं में उपलब्ध हैं अब यह समाज में भय का विषय नहीं रहा इसका उपचार एवं जांच की समस्त सुविधा नि:शुल्क उपलब्ध है। इस दौरान सभी उपखंड के अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि का सामाजिक संस्थाएं आगे आकर टीबी मरीजों को निश्चय मित्र समाज में टीबी मरीज के प्रति मित्रता का व्यवहार करते हुए अपना परिचय देने की अपील की। अब इस बीमारी से डरने की जरूरत नहीं इसका उपचार एवं जांच नि:शुल्क उपलब्ध है।



## पीएम श्री कउमावि मनासा की छात्राओं का एक्सपोजर भ्रमण हुआ

**मनासा, 08 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** पी. एम. श्री योजनान्तर्गत क.उ. मा. वि. मनासा की कक्षा 12वीं की छात्राओं का एक्स्पोजर विजिट उज्जैन का सम्पन्न हुआ। उज्जैन में वैशाला। जेतर-भेतर) महाकाल लोक परिसर एवं अन्य प्राकृतिक स्थलों का भ्रमण किया। छात्राओं के साथ संस्था प्राचार्य व शिक्षकों का दल मार्गदर्शन हेतु साथ रहा।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 35 | 2201 | 2460 |
| उडद | 37 | 4900 | 6141 |
| सोयाबीन | 4000 | 3821 | 4351 |
| गैहु | 1505 | 2999 | 3248 |
| चना | 77 | 5200 | 6501 |
| मसुर | 33 | 5300 | 5901 |
| धनिया | 204 | 6003 | 7374 |
| लहसुन | 11500 | 9500 | 24000 |
| मैथी | 735 | 4340 | 5541 |
| मुंगफली | 2935 | 3710 | 5190 |
| अलसी | 1160 | 5725 | 6151 |
| सरसो | 177 | 3501 | 5751 |
| तारामीरा | 0000 | 0000 | 0000 |
| इसबगोल | 54 | 9711 | 12502 |
| प्याज | 13000 | 800 | 2350 |
| कलोंजी | 10 | 13480 | 17399 |
| तुलसी बीज | 2 | 14890 | 15981 |
| डॉलर | 7 | 6000 | 9711 |
| तिल्ली | 100 | 10550 | 11557 |
| जौ | 0000 | 0000 | 0000 |
| मटरसुखी | 0000 | 0000 | 0000 |
| असालीया | 18 | 11850 | 13151 |
| चियाबीज | 19 | 12900 | 15511 |



## कार्यालय नगर परिषद सीतामऊ, जिला-मंदसौर (म.प्र.)

क्रमांक 39/2025 दिनांक 08.01.2025

### **** नामांतरण विज्ञप्ति ****

सर्व साधारण को जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है कि निम्न विवरण अनुसार म.प्र. न.पा. अधिनियम की धारा 150 के अनुसार नामांतरण की सूचना प्राप्त होने के फलस्वरुप धारा 151 के तहत कार्यवाही की जाना है। जिस किसी आवेदक का नामांतरण नाम लागू किये जाने में किसी प्रकार की कोई आपत्ति है तो विज्ञप्ति प्रकाशन होने के दिनांक से 30 दिवस की अवधि में लिखित रुप से अपनी आपत्ति मय पुष्ट प्रमाण के कार्यालय में (अवकाश के दिनों को छोड़कर) कार्यालय में प्रस्तुत करें। अवधि समाप्त होने पर आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

| प्र.क्रं. | जिसके नाम अंतरण होना है | अंतरण करने वाला का नाम | वार्ड क्रं. | भवन क्रं. | मोहल्ला क्षेत्र/सम्पत्ति का विवरण | अंतरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 341 | भंवरीबाई बिलोदिया पति कचरु | कचरु पिता नाथूजी | 12 | भवन - 293 | कनारची गली | शपथ पत्र |
| 342 | शिवनारायण विश्वकर्मा पिता गट्टूलाल | अनिलकुमार पिता लालनदलेलसिंह एवं अन्य | 15 | भूखण्ड-डी-96 | उमंग विहार | विक्रय पत्र |
| 343 | आजाद कुमार पिता मन्साराम | अनिलकुमार पिता लालनदलेलसिंह एवं अन्य | 15 | भूखण्ड-डी-95 | उमंग विहार | विक्रय पत्र |
| 344 | मंगल चावड़ा पिता मुकेश चावड़ा | शर्मिला अग्रवाल पति श्यामसुंदर चावड़ा | 15 | भवन-781/107 का भाग | बालाजी रेसीडेंसी | विक्रय पत्र |
| 345 | श्रीमती टीना पाड़ोलिया पति तेजरामजी | श्रीमती कमलाबाई पति नाथुलाल | 01 | भूमि 331/2/1/24/1 | क्रिश्चियन बंगले के पास | विक्रय पत्र |
| 346 | भुवानीशंकर पिता पूरालाल | संजय, प्रवीण पिता बालूराम | 11 | भवन-454 | कुम्हारगली | विक्रय पत्र |
| 347 | मोहनलाल पिता गोपीलाल पांचाल श्रीमती गुड्डीबाई बेवा रमेशचंद्र पांचाल | श्रीमती जमनाबाई पति गोपीलाल | 14 | भवन-79 | घाणी गली | शपथ पत्र |
| 348 | श्रीमती टीनाबाई पति अमित सेठिया | बुरहानुद्दीन पिता सादिक अली एवं वगैराह | 14 | भूखंड-12 | यश विहार | विक्रय पत्र |
| 349 | रविन्द्रसिंह पिता भारतसिंह | असगर अली पिता कुर्बान हुसैन एवं वगैराह | 15 | भूखण्ड-37 | श्री वरुण विहार | विक्रय पत्र |
| 350 | श्रीमती रसीदाबी बेवा रईस मोहम्मद चांद मोहम्मद पिता रज्ज़ाक मोहम्मद | श्रीमती रशीदाबी रईसमोहम्मद एवं वगैराह | 05 | भवन-141/1 | लोहार घाटी | शपथ/बंटवारा |
| 351 | राहुल घाटिया पिता राधेश्याम घाटिया | नितेश अग्रवाल पिता गिरीश अग्रवाल एवं वगैराह | 15 | भूखण्ड-193 | बालाजी रेसीडेंसी एक्स. | विक्रय पत्र |
| 352 | श्रीमती शैली घाटिया पति मेहूल घाटिया | कविता पति प्रवीण अग्रवाल एवं वगैराह | 15 | भूखण्ड 309 व310 | बालाजी रेसीडेंसी एक्स. | विक्रय पत्र |
| 353 | घनश्याम राठौर पिता नागुलाल राठौर | श्रीमती जरीनाबी पति शब्बीर हुसैन बोहरा | 15 | भूमि537/1/1/29 | जिनिंग से तह. के मध्य | विक्रय पत्र |
| 354 | प्रकाश राठौर पिता नागुलाल राठौर | श्रीमती जरीनाबी पति शब्बीर हुसैन बोहरा | 15 | भूमि537/1/1/29 | जिनिंग से तह. के मध्य | विक्रय पत्र |
| 355 | श्रीमती इंदुकुंवर चौहान पति देवराजसिंह | विनोद कोतक पिता हेमन्तदास | 15 | भवन-410 | जिनिंग से तह. के मध्य | विक्रय पत्र |
| 356 | श्रीमती नेहा शेख पति अयाज मोहम्मद | शिवनारायण पिता मदनलाल | 15 | भूमि 525/1/16 | जिनिंग से तह. के मध्य | विक्रय पत्र |
| 357 | श्रीमती जरीना बी पति अनवर मोहम्मद | श्रीमती श्यामकुंवर पति शिवसिंह | 15 | भूमि 525/20 | जिनिंग से तह. के मध्य | विक्रय पत्र |
| 358 | श्रीमती रिजवाना पति रियाज शेख | शिवनारायण पिता मदनलाल | 15 | भूमि 525/1/16 | जिनिंग से तह. के मध्य | विक्रय पत्र |
| 359 | श्रीमती आशयाबी पति ताज मोहम्मद | शिवनारायण पिता मदनलाल | 15 | भूमि 525/1/16 | जिनिंग से तह. के मध्य | विक्रय पत्र |
| 360 | श्रीमती कला पाटीदार पति जगदीशचंद्र | दीपककुमार पिता अशोक कुमार | 15 | भवन 781/92/2 | बालाजी रेसीडेंसी | विक्रय पत्र |
| 361 | श्रीमती लीलाबाई पति नाथूराम | अनिलकुमार पिता लालनदलेलसिंह एवं अन्य | 15 | भूखण्ड 226 | उमंग विहार | विक्रय पत्र |
| 362 | अनिलकुमार पिता लालनदलेलसिंह | अनिलकुमार पिता लालनदलेलसिंह | 15 | भूखण्ड बी-34 | उमंग विहार | विक्रय पत्र |
| 363 | श्रीमती रीता कोठारी पति प्रकाश कोठारी | यशपालसिंह पिता गोविन्दसिंह एवं अन्य | 15 | भूखंड बी-65 | सांई विहार एक्स. | विक्रय पत्र |
| 364 | श्रीमती सलमाबी पति शाहीर मोहम्मद | गुलाम हुसैन पिता अब्दुल गफ्फार | 08 | भवन 412/1/02 का पश्चिम भाग | रतनकुंड गली | विक्रय पत्र |
| 365 | जहीर पिता फकीर मोहम्मद | गुलाम हुसैन पिता अब्दुल गफ्फार | 08 | भवन 412/1/02 का पूर्वी भाग | रतनकुंड गली | विक्रय पत्र |
| 366 | श्रीमती मंजूबाई पति गोपाल पोरवाल | रामविलास पोरवाल पिता शिवनारायण | 15 | 525/मिन-24 | जिनिंग से तह. के मध्य | विक्रय पत्र |
| 367 | श्रीमती माधुरी पति दिलीप पोरवाल | मनोज वेद पिता रणछोडलाल वेद | 15 | भूमि सर्वे 534 14/1/1/1 | जिनिंग से तह. के मध्य | विक्रय पत्र |
| 368 | पुरुषोत्तम पिता मिरचुमल सिंधी देवीदास पिता मिरचुमल सिंधी | पुरुषोत्तम पिता मिरचुमल सिंधी देवीदास पिता मिरचुमल सिंधी | 02 | भवन 224/1 | बड़ा मठ गली के अंदर | शपथ पत्र |
| 369 | पुरुषोत्तम पिता मिरचुमल सिंधी देवीदास पिता मिरचुमल सिंधी | पुरुषोत्तम पिता मिरचुमल सिंधी देवीदास पिता मिरचुमल सिंधी | 03 | दुकान क्रं.70 | सदर बाजार मार्केट गली | शपथ पत्र |
| 370 | श्रीमती दयाकुंवर पति मनोहरसिंह | श्रीमती कौशल्याबाई पति काशीराम | 13 | भवन 1650 | नाई मंदिर के पास | शपथ पत्र |
| 371 | श्रीमती दल्लुबाई बेवा गोपालजी खाती | हीरालाल पिता बाबरुजी | 11 | भवन 382/5 का भाग | व्यास घाटी | शपथ पत्र |
| 372 | श्रीमती संतोषबाई पति अरविंद भंभोरिया | लक्ष्मीनारायण पिता भंवरलाल भंभोरिया | 14 | भूमि सर्वे 924/2 | कोटेश्वर कालोनी के पास | दान पत्र |

**श्री मनोज शुक्ला**
**अध्यक्ष**
**नगर परिषद सीतामऊ**

**जीवन राय माथुर**
**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर परिषद सीतामऊ**

# भाजपा में बहुत कुछ बदल गया है कांग्रेसियों के समाने के बाद...

**मंदसौर/उज्जैन, 08 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी अन्य दलों से अलग अनुशासित कहलाने वाली भाजपा में बहुत कुछ बदल गया और बदलता हुआ नजर आ रहा है। एक दशक पहले तक जिस तरह का अनुशासन दल में नजर आता था, वह अब कहीं नजर नहीं आ रहा है। इसके विपरीत वरिष्ठ संगठनों की दुविधा जनक स्थिति भी बार-बार बनती सार्वजनिक नजर आ रही है। जिम्मेदार पदाधिकारियों से जब इस संदर्भ में बात की जाती है तो बहानों के ग्रन्थ से लिया ज्ञान परोसते हैं। पर बदली हुई भाजपा की कमियां छुपाते हैं। इन दिनो प्रदेश संगठन से जिला संगठन तक की चुनाव प्रक्रिया जारी है। प्रदेश में पहले भी चुनाव होते रहे हैं। किन्तु, इतनी पेचीदगियां कभी नजर नहीं आई है कि निचले स्तर पर सब कुछ हो जाने के बाद भी कई जिला अध्यक्षों के नाम की घोषणा पखवाड़ा या स्पर्धा के चक्कर में रुकी हुई है। यह विशेष गुण पहले कांग्रेस में हुआ करता था। लेकिन, जब से कांग्रेस को कमजोर करने के लिए भाजपा ने कांग्रेसी नेताओं को संगठन में आयात की छूट दी तो उनके साथ कांग्रेसी गुण भी पार्टी विथ डिफरेंस वाली भाजपा में आ गए। अब जब गुण सिस्टम में समा गए हो तो असर भी करने लगे हैं।


चन्द्रमोहन भगत

मंदसौर जिला इस मामले में आसानी से चिन्हित इसलिए हो रहा है कि पहले मंडल अध्यक्ष के लिए गुटीय राजनीति नजर आई थी। इस चक्कर में 21 में से 20 मंडल अध्यक्षों को तो घोषित कर दिया हैं, एक को अभी तक रोका गया है। एक मंडल अध्यक्ष को घोषणा के बाद हटा दिया गया है। इसी के साथ सभी स्तर की रायशुमारी हो जाने के बाद भी पिछले चार दिनों से चौबीसों घंटे कार्यकर्ता जिला अध्यक्ष के नाम की घोषणा का इंतजार कर रहे हैं। किन्तु, हो नहीं पा रहा है या मेरा-तेरा के दबाव में कर नहीं पा रहे हैं।

जिले की भाजपा के ढांचे पर नजर डालें तो जिले में शक्ति केंद्र और प्रत्याशी बराबर है। जो नाम सतह पर हैं इनमें राजेश दीक्षित, अजयसिंह चौहान, अनिल कियावत और नानालाल अटोलिया शामिल है इनमें से किसी को उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, किसी को सांसद सुधीर गुप्ता, तो किसी को राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर की पसंद माना जा रहा है। इन वरिष्ठनेताओं ने भी वरिष्ठ संगठन के समक्ष अपनी राय चुनाव प्रभारी के साथ रख दी है। सभी तरह की सारी प्रक्रिया हो जाने के बाद भी जिला अध्यक्ष की घोषणा होने में समय लगना भी यह जाहिर कर रहा है कि भाजपा में बहुत कुछ बदल गया है। इस बदले हुए भाजपा का स्वरूप कांग्रेस के प्रमाणित चरित्र से पूरी तरह मेल खाता है। संभव है पाठकों के हाथ में जब यह खबर छपा अखबार होगा, उसी में नए जिला अध्यक्ष का नाम भी छपा हो सकता है। पर, इतना विलंब हो जाना भी राजनीतिक जगत में गंभीर चर्चा का विषय बना हुआ है। इसके पहले भी पूरे देश ने देखा है की महाराष्ट्र में स्पष्ट बहुमत आ जाने के बाद भी 13 दिन विधायक दल का नेता चुनने में लग गए थे। फिर 5 दिन उप मुख्यमंत्रियों के चयन में, 10 दिन मंत्रियों और उनके विभाग बंटवारे में लगाने पड़े थे। तब भी भाजपा का शीर्ष नेतृत्व मजबूर नजर आया था, अब जिला अध्यक्षों के मामले में प्रदेश नेतृत्व भी शिथिल और समझौतावादी नजर आ रहा है। जबकि, एक दशक पहले तक ही बीजेपी इतना अनुशासित संगठन कहलाता था कि किसी भी पद के लिए हाई कमान से किसी का भी नाम संगठन के पद के लिए जारी किया जाता था। तब बगैर टिका टिप्पणी के सहज स्वीकार किया जाता था। जब से भाजपा नेतृत्व ने मिलावटी संस्कृति को अपने साथ लेना शुरू किया तब से संगठन के निर्णयों में विलंब, पेचीदगी और समझौते के लक्षण भी नजर आने लगे हैं।

# जनभागीदारी अध्यक्ष से उलझना पीजी कालेज के प्राचार्य डा. राजकूपर वर्मा को पड़ा भारी, निलंबित

**मंदसौर, 08 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** इन दिनों मंदसौर पीजी कॉलेज राजनीतिक अखाड़ा बन गया है। एबीवीपी छात्र संगठन ने कॉलेज प्राचार्य के व्यवहार के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। वही एनएसयूआई द्वारा प्राचार्य के समर्थन में लगातार धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। ऐसे में छात्र- छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इस विषय को गंभीरता से लेते हुए राज्य सरकार के उच्च शिक्षा विभाग ने बुधवार की शाम एक पत्र जारी कर कॉलेज प्राचार्य डॉ राजकुपर वर्मा को निलंबित कर दिया है।

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी पत्र में लिखा है की डॉ राजकूपर वर्मा, प्राध्यापक, वाणिज्य, एवं प्रभारी प्राचार्य, राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मंदसौर द्वारा छात्राओं से अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने के संबंध में 21 दिसंबर 2024 को थाना वायडीनगर मंदसौर में धारा 79 बीएनएस के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज की गई है। डॉ.कूपर का उक्त कृत्य म.प्र. सिविल सेवा (आचरण) नियमों के विपरीत है। अत: राज्य शासन द्वारा डॉ राजकूपर वर्मा, प्राध्यापक, वाणिज्य एवं प्रभारी प्राचार्य, राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मंदसौर को म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम-9 के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में डॉ कूपर का मुख्यालय, क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा, उज्जैन संभाग उज्जैन निर्धारित किया जाता है। निलंबन अवधि में डॉ. कूपर को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

**जनभागीदारी अध्यक्ष नरेश चंदवानी को कर रहे थे टारगेट**–कॉलेज के जनभागीदारी अध्यक्ष नरेश चंदवानी को प्राचार्य वर्मा लगातार टारगेट कर रहे थे। श्री चंदवानी के कार्यकाल में खरीदे गये टेबलेट भी प्राचार्य ने कॉलेज से गायब होना बता दिया था। जबकि, टेबलेट कॉलेज में ही थे। वहीं कॉलेज में बना जनभागीदार अध्यक्ष का कक्ष भी प्राचार्य ने हटवा दिया था। यह भी कहा जा सकता है कि प्राचार्य वर्मा को नरेश चंदवानी से भिड़ना महंगा पड़ गया और वे अब निलंबित हो चुके है।

### शामगढ़ पुलिस को लंबे समय बाद मिली सफलता...

# महिला गिरफ्तार, चोरी का माल बरामद

**शामगढ़, 08 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने एक घर से लाखों रूपए की चोरी के मामले में एक महिला आरोपी को गिरफ्तार कर 15 लाख के जेवरात और डेढ़ लाख रुपए नगदी बरामद किए है।

पुलिस के मुताबिक बालमुकुंद पिता सीताराम पाटीदार निवासी हनुमंतिया ने रिपोर्ट लिखाई थी कि अज्ञात व्यक्ति के द्वारा घर मे घुसकर घर मे रखी आलमारियो से करीबन 15 लाख के सोने व चाँदी के जेवर व नगदी चोरी कर लिये गये है। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु की।

07 जनवरी को फरियादी बालमुंकुद पाटीदार के परिवार के सदस्यो से पृथक-पृथक से मनोवैज्ञानिक तरीके से पुछताछ की गई। फरियादी की बहु से पुछताछ के दौरान संदेह उत्पन्न हुआ जो संदेही महिला से महिला आरक्षक की उपस्थिति मे घटना के संबंध मे विस्तृत पुछताछ की गई। जिसके फलस्वरुप आरोपिया द्वारा अपराध घटित करना स्वीकार किया। आरोपिया को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने उससे हाथ मे पहनने का एक सोने का कड़ा (ट्ड्डा), एक सोने की अंगुठी, एक सोने की चेन, दो सोने के सिर के टीके, एक जोड़ी सोने के कान के टॉप्स, एक जोड़ी, कान के कुंडल, एक जोड़ी कान के सोने के झुमके, एक सोने के मोती वाला मंगलसूत्र, 10 चाँदी की बिछियाँ, एक जोड़ चाँदी के कड़े, 06 जोड़ी चाँदी की पायल व 1 लाख 51 हजार रूपए नगदी बरामद किए गए।

## युवक ने फांसी लगाई, मौत

**नीमच, 08 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** शहर के यादव मंडी इलाके में एक युवक ने फांसी लगा ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने बुधवार को शव का पोस्टमार्टम करवाया। फिलहाल घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यादव मंडी निवासी हर्ष पिता प्रेमचंद्र उम्र 22 वर्ष का शव उसी के घर में फंदे पर मिला। घटनास्थल पर सुसाइड नोट भी नहीं मिला है। अभी तक की पूछताछ में परिजन ने किसी बात से परेशान होने की बात भी नहीं कही है। मौत के कारण का पता नहीं चला है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

## अग्निवीर वायु हेतु पब्लिसिटी ड्राइव सम्पन्न

**मंदसौर, 08 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिला रोजगार अधिकारी द्वारा बताया गया कि इण्डियन एयर फोर्स भोपाल की टीम द्वारा जिले में अग्निवीर वायु की भर्ती की प्रक्रिया, मापदण्ड एवं अन्य जानकारी का पब्लिसिटी ड्राईव का आयोजन किया गया।सेन्ट थॉमस, एम आई टीएवं कॉलेज ऑफ फार्मेसी मंदसौर में पब्लिसिटी ड्राइव का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 500 विद्यार्थियों को अग्निवीर वायु की भर्ती की प्रक्रिया, मापदण्ड एवं अन्य जानकारी एयर फोर्स के कमांडरों द्वारा दी गई।

# सहकारी संस्थाओं के नाम पर फिर हुआ खेल

### पुलिस की शरण में पहुंचे एजेंट, शिकायती आवेदन दिया

**मंदसौर, 08 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। शहर सहित अंचल में जगह-जगह बैंक के नाम पर कई सोसायटी लोगों से रुपए जमा कराके उन्हें अच्छा खासा ब्याज देने का वादा कर ठगने का काम कर रही है। ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं। एक और मामला पशुपतिनाथ साख सहकारी संस्था का सामने आया है। जिसमें लोगों को लाखों रुपए की चपत लगा दी गई। अब परेशान एजेंट हो रहे हैं। जिन्होंने रुपया कलेक्शन कर सोसायटी के जिम्मेदारों को दिया। मंगलवार को पुलिस कप्तान के कार्यालय पहुंचने के बाद बुधवार को करीब 60-70 एजेंट पुलिस कंट्रोल रूम पहुंचे। यहां एक बार फिर शिकायत कर कार्रवाई की मांग की।**

संस्था के एजेंटस ने बताया कि उन्होंने संस्था के लिए कई वर्षों तक काम किया है। संस्था के हर तहसील में एजेंट हैं। उन्होंने करोड़ो रुपए डेली कलेक्शन के रूप में लोगों से लिए हैं। लेकिन, अब संस्था पैसे नहीं लौटा रही है। खाताधारक अब एजेंटस को परेशान कर रहे हैं। एजेंटो का कहना है कि वे अपने परिवार को लेकर कहां जाएं और जिनके पैसे हैं उन्हें वे पैसे कैसे दें? लोग बैंक को नहीं जानते हैं, एजेंट को जानते हैं। ऐसे में अब एजेंट के माता-पिता और परिवार काफी दुखी हैं और डर के माहौल में जी रहे हैं। एजेंटस ने पुलिस कप्तान श्री अभिषेक आनन्द से गुहार लगाते हुए पशुपतिनाथ साख सहकारी संस्था का पैसा ग्राहको को वापस दिलाने की बात कही है। पुलिस कप्तान ने मामले में समाधान का आश्वासन दिया है।

# चोरी कर खरीद लिया ट्रक, कार व प्लाट, पुलिस ने पकड़ा, माल भी बरामद

**नीमच, 08 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** चोरी के एक मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद किया है। पुलिस ने 18 लाख रूपयें नगदी, सोना वजनी 330 ग्राम, हीरे के नग 76, अल्टो कार-01, एक टाटा लिलेण्ड ट्रक व एक प्लाट की रजिस्ट्री जप्त की है।

नीमच केंट थाना पुलिस ने बताया कि 28 दिसंबर 2024 को फरियादी अनिल पिता राजमल नागौरी उम्र 60 साल निवासी 08, 14/3 विकास नगर नीमच ने शिकायत दर्ज कराई। जिसमें उन्होंने बताया कि 27 दिसंबर 2024 को मेरी पत्नी अपनी सोने व हीरे जड़ित रकमें बैंक के लाकर में रखने हेतु आलमारी खोल कर निकालने लगी तो देखा तो रकमे दराज में नहीं थी। फिर मैने अपने सीमेंट व पेट्रोल पम्प के व्यवसाय से आये रूपये जो दूसरी अलमारी में रखे थे, उसको खोलकर देखा तो आलमारी में करीब लाखों रूपये भी नहीं दिखे। कोई अज्ञात बदमाश मेरे घर में रखी आलमारियो का ताला खोलकर नगदी व सोने एवं हीरे जडित जेवर चुरा ले गया है।

मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर फरियादी के घर में काम करने वाले दलीपसिंह पिता किशोरसिंह शेखावत जाति राजपुत उम्र 24 साल निवासी डुंगरगढ हामु नीमच एवं टोनी उर्फ पुरुषोत्तम सिंह शेखावत निवासी डुंगरगढ़ राजस्थान पर पुलिस को संदेह हुआ। उसके बाद दिलीपसिंह को हिरासत में लेकर गहन पुछताछ की तो उसने जुर्म स्वीकार किया गया। मामले में टोनी उर्फ़ पुरुषोत्तम की तलाश जारी है। मामले में पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 18 लाख रूपयें नगदी, सोना वजनी 330 ग्राम, हीरे के नग 76, अल्टो कार-01, एक टाटा लिलेण्ड ट्रक व एक प्लाट की रजिस्ट्री जप्त की है।

## टीवी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत सुवासरा में 20 अक्षय मित्र बनाए

**मंदसौर, 08 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** टीवी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत सुवासरा में श्री गोपाल काला, श्री अनिल पोरवाल, श्री महैश धनोतिया, श्री प्रकाश जायसवाल, श्री संदिप वर्मा, श्री रोडमल दायमा, श्री राकेश सोनी, श्री वीरेन्द्र जैन, श्री बालाराम परीहार, श्री सुनील माँदनीया, श्री संजय फरम्या, श्री राहुल जैन, श्री गोपाल मुजावदिया, श्री अकरम खान पठान, श्री दिलीप कुमावत, श्री मनिष काला, श्री राहुल व्यास, श्री आशीष रत्नावत, श्री सुधिर खुराना, श्री आशीष जैन कुल 20 निक्षय मित्र बनाए गए। सुवासरा जिला मंदसौर नगर पंचायत की पार्षद निशा महेश धनोतिया वार्ड क्रमांक 3 आशा कार्यकर्ता संतोष मैहर के साथ मिलकर आयुष्मान कार्ड से लाभार्थी सज्जन बाई मांगीलाल सुवासरा को पैर फैक्चर होने पर नि:शुल्क आयुष्मान द्वारा उपचार करवाया।

## पशुपतिनाथ साख सहकारी सोसायटी पर धोखाधड़ी का आरोप...

# संचालक मंडल के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए सहकारिता विभाग ने लिखा पत्र

**मंदसौर, 08 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिला सहकारिता उप आयुक्त कार्यालय ने पशुपतिनाथ साख सहकारी सोसायटी मर्या. मंदसौर के संचालक मंडल के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए वैधानिक कार्रवाई का अनुरोध किया है। उप आयुक्त द्वारा थाना प्रभारी, वायडी नगर को प्रेषित पत्र में संस्था के सदस्यों से जमा राशि लौटाने में अनियमितता और धोखाधड़ी का जिक्र किया गया है।

**क्या है मामला**–आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं म.प्र. भोपाल के पत्र के हवाले से बताया गया है कि सोसायटी ने लोकलुभावन योजनाओं का प्रलोभन देकर सदस्यों से सीधे और कलेक्शन एजेंटस के माध्यम से धनराशि जमा कराई। परिपक्वता पर जमाकर्ताओं को यह राशि लौटाई नहीं जा रही है, जो स्पष्टरूप से धोखाधड़ी की श्रेणी में आता है। इसके अलावा, सोसायटी ने गैर-सदस्यों के साथ वित्तीय लेन-देन किया, जो बैंकिंग रेगुलेशन एक्ट का उल्लंघन है। उप आयुक्त सहकारिता ने संचालक मंडल के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की सिफारिश की गई है। संचालक मंडल में अध्यक्ष आषिश हाड़ा, उपाध्यक्ष प्रवीण कडोतिया, अर्पित सिसौदिया और अन्य सदस्य अंकित जोशी, ओमप्रकाश खुतवार, वैभव गुप्ते, राहुल राठौर, वीरेन्द्र हाड़ा, तरूण परमार, सलमा बी, और अर्चना श्रीवास्तव के नाम शामिल हैं।

**कानूनी उल्लंघन और सजा का प्रावधान**–सोसायटी पर भारतीय रिज़र्व बैंक से बैंकिंग लाइसेंस प्राप्त किए बिना बैंकिंग कार्य करने का भी आरोप है। यह बैंकिंग रेगुलेशन एक्ट का उल्लंघन है, जो न केवल गैरकानूनी बल्कि आपराधिक कृत्य के अंतर्गत आता है।

**क्या कहते हैं अधिकारी**–उप आयुक्त ने पुलिस से कहा है कि संचालक मंडल के खिलाफ भारतीय दंड विधान की संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की जाए। पुलिस को प्रारूप 26 के अनुसार रिकॉर्ड और संचालक मंडल की सूची भी भेजी गई है। अब पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर पीड़ित जमाकर्ताओं को न्याय दिलाए। यह मामला सहकारी संस्थाओं की कार्यप्रणाली और पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। यदि दोष सिद्ध होता है, तो यह उन जमाकर्ताओं के लिए न्याय सुनिश्चित करेगा, जिन्होंने संस्था पर विश्वास कर अपनी मेहनत की कमाई निवेश की थी।

## आवेदनों को ऑनलाइन दर्ज करें-कलेक्टर

**मंदसौर, 08 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग ने मदारपुरा, कोचवी एवं जग्गाखेड़ी जनकल्याण शिविर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जन कल्याण शिविर के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी को निर्देश दिए की सभी आवेदनों को ऑनलाइन दर्ज करें। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री राजेश कुमार जैन, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री बंसत शर्मा मौजूद थे।जनकल्याण पर्व भारत सरकार एवं राज्य शासन की चिन्हित 34 हितग्राही मूलक योजनाओं, 11 लक्ष्य आधारित योजनाओं एवं 63 सेवाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है।

## भाजपा जिलाध्यक्ष से भी... पेज 1 से जारी

और नगर पालिका उपयंत्री महेश शर्मा को शामिल किया गया था। वार्ड क्रमांक 39 की पार्षद भारती धीरज पाटीदार ने सड़क को डीपीआर और ड्राइंग के अनुरूप नहीं बनाने के आरोप लगाए थे। आरोप था कि घटिया निर्माण किया गया है। जिसे बनाने के कुछ माह बाद ही सड़क धंसने लगी। वहीं कुछ लोगों को लाभ देने के लिए पुलिया ही नहीं बनाई गई। सड़क की जांच करने पहुंची चार सदस्यीय जांच टीम ने भी शुरुआती जांच में खामियां होना माना था। हालांकि, इसके बाद कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस मामले में जांच करने वाले सेतु विभाग एसडीओ प्रवीण नरवरे ने बताया कि मामले में जांच की गई थी। इसके बाद रिपोर्ट संबंधित विभाग को भेज दी गई थी।

## मौसम: पारा 6.5 डिग्री... पेज 1 से जारी

पूरे प्रदेश में देखने को मिला। 10 जनवरी को भी सर्द हवाओं का असर रहेगा। बताया गया है कि जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, लद्दाख में बर्फबारी हुई है। यह बर्फ अब पिघल रही है। ऐसे में हवा की रफ्तार भी तेज हो गई है। मौसम विभाग के अनुसार, जनवरी में प्रदेश का मौसम ठंडा ही रहेगा। अब 15-20 दिन तक शीतलहर चलने का अनुमान है। जनवरी के पहले सप्ताह में कड़ाके की ठंड पड़ी। वहीं, अब दूसरा दौर शुरू हुआ है।

# 2 कार से पकड़ा 150 किलो डोडाचूरा, 3 गिरफ्तार

**पिपलियामंडी, 08 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने दो कारों से 150 किलो डोडाचूरा तस्करी करते तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। मुखबिर की सूचना पर नारायणगढ थानान्तर्गत झारड़ा चोकी पुलिस ने अडमालिया फन्टे पर नाकाबंदी कर स्वीफ्ट कार (जीजे 24 के 4452) को रोका, इस दौरान ड्राइवर उतरकर भागा, जिसे पुलिस ने पकड़ा, कार ड्राइवर ने अपनी पहचान मुकेश उर्फ भवेन्द्र (22) पिता चेनाराम जाट, निवासी नवले की चक्की जिला बाड़मेर होना बताई। इसके पीछे आ रही बिना नम्बर की एक ब्रेजा कार को भी रोका, इसमें में सवार लोगों ने भागने का प्रयास किया, जिन्हें पुलिस ने पकड़ा। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपनी पहचान छगन (21) पिता धर्माराम जाट, निवासी कोटडा शिव, जिला बाड़मेर व सिमरथाराम (26) पिता तुलसाराम जाट, निवासी बदरु रामसर, जिला बाड़मेर होना बताई। तलाशी के दौरान पुलिस ने स्वीफ्ट कार से तीन कट्टों में भरा 80 किलो डोडाचूरा एवं ब्रेजा कार से दो कट्टों में भरा 70 किलो डोडाचूरा बरामद किया। एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर दोनों कार व डोडाचूरा जब्ती में लिया। आरोपियों से पूछताछ जारी है।

## कार्यालय अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मंदसौर (मप्र)

क्रमांक क्यू/2024 मंदसौर, दिनांक 08-01-2025

**विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वाहन क्रमांक एमपी 14एबी 2073 जो कि परिवहन कार्यालय मंदसौर में किशनलाल राठौर पिता रामलाल निवासी माल्याखेर खेड़ा, तहसील मंदसौर, जिला मंदसौर के नाम से पंजीकृत है।

यह सूचित किया जाता है कि वाहन स्वामी की मृत्यु दिनांक 06-04-2023 को हो चुकी है इसलिए उक्त वाहन का अंतरण अपने नाम से करने हेतु उनकी पत्नी श्रीमती श्यामूबाई पति किशनलाल राठौर निवासी माल्याखैर खेड़ा तहसील व जिला मंदसौर ने इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया है। इस संबंध में जिस व्यक्ति को आपत्ति हो वह विज्ञप्ति प्रकाशन के सात दिवस के अंदर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्रस्तुत किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। अंतरण आवेदक के नाम पर कर दिया जावेगा।

**अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, मंदसौर**

---

प्रारुप छ-8

(म.प्र. सहकारी सोसायटी नियम 1962 के नियम 49-ड. (3) के अंतर्गत)

## कार्यालय-रिटर्निंग अधिकारी आजाद मत्स्याद्योग सहकारी सोसाइटी मर्या. संजीत

जिला मंदसौर पंजी क्रमांक 157/10.02.1964

क्रमांक/नि.अधि.-1/2025 दिनांक-08.01.2025

### /// निर्वाचन कार्यक्रम ///

म.प्र. राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी के आदेश क्रमांक 6720 दिनांक 24.12.2024 के द्वारा मुझे आजाद मत्स्याद्योग सहकारी सोसाइटी मर्यादित संजीत के निर्वाचन हेतु रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। संचालक मण्डल के सदस्यों के निर्वाचन हेतु निम्नलिखित निर्वाचन कार्यक्रम निश्चित किया गया है जो कि सोसायटी के समस्त सदस्यों के सूचनार्थ प्रकाशित करता हूं-

1. सोसायटी की पंजीकृत उपविधि क्रमांक25 के अनुसार संचालक मण्डल के लिए निर्वाचन किये जाने वाले सदस्यों की कुल संख्या ....11..... विवरण निम्नांकित है-

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (अ) | सामान्य वर्ग (अनारक्षित) से | 09 | इनमें से महिला वर्ग हेतु अनारक्षित | 01 |
| (ब) | अनुसूचित जाति वर्ग से | 01 | इनमें से महिला वर्ग हेतु अनारक्षित | ---- |
| (स) | अनुसूचित जनजाति वर्ग से | 01 | इनमें से महिला वर्ग हेतु अनारक्षित | ---- |
| | योग | 11 | योग | 01 |

(टीप- जिस वर्ग में महिला आरक्षण नहीं किया गया है उसे निरंक दर्शाया जावे।)

| | | |
|---|---|---|
| 2. | नामांकन प्रस्तुत करने का दिनांक, स्थान, समय | दिनांक- 15.01.2025, समय-प्रात: 11.00 बजे से दोपहर 03.00 बजे तक स्थान - सोसायटी कार्यालय, प्रा.कृषि संस्था संजीत |
| 3. | नामांकन पत्रों की जांच एवं वैध नामांकन पत्रों की सूची का प्रकाशन | दिनांक- 16.01.2025 को समय प्रात: 11 बजे से जांच पूर्ण होने तक स्थान - सोसायटी कार्यालय, प्रा.कृषि संस्था संजीत |
| 4. | नामांकन पत्रों की वापसी का दिनांक तथा चुनाव लड़ने वाले अंतिम उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन एवं चुनाव चिन्हों का आवंटन | दिनांक-17.01.2025, समय प्रात: 11.30 बजे से दोप. 3 बजे तक स्थान - सोसायटी कार्यालय, प्रा.कृषि संस्था संजीत |
| 5. | विशेष साधारण सम्मेलन में चुनाव (मतदान) | दिनांक-22.01.2025, समय प्रात: 10.00 बजे से संध्या 04.00 बजे तक स्थान - सोसायटी कार्यालय, प्रा.कृषि संस्था संजीत (चुनाव समाप्त होने के एक घंटे बाद मतगणना प्रारम्भ की जावेगी) |
| 6. | रिक्त स्थानों हेतु सहयोजन | दिनांक-23.01.2025, समय दोप. 11.00 बजे से दोप. 01.00 बजे तक स्थान - सोसायटी कार्यालय, प्रा.कृषि संस्था संजीत |
| 7. | अध्यक्ष/उपाध्यक्ष एवं अन्य सोसायटियों को भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों तथा अन्य पदाधिकारियों के निर्वाचन की सूचना जारी करना | दिनांक-25.01.2025 |
| 8. | अध्यक्ष/उपाध्यक्ष एवं अन्य सोसायटियों को भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों तथा अन्य पदाधिकारियों के निर्वाचन दिनांक, समय एवं स्थान | दिनांक 28.01.2025 समय दोप. 11 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक |

सही - आर.पी. कुमावत
सह.निरि. रिटर्निंग अधिकारी
आजाद मत्स्याद्योग सहकारी सोसायटी मर्यादित, संजीत, जिला-मंदसौर

प्रारुप छ-9

(म.प्र. सहकारी सोसायटी नियम 1962 के नियम 49-ड. (3) के अंतर्गत)

कार्यालय- आजाद मत्स्याद्योग सहकारी सोसाइटी मर्या. संजीत जिला मंदसौर पंजी क्रमांक 157/10.02.1964

सूचना

क्रमांक/निर्वा./आमसम्मिलन/2025/02 दिनांक-08.01.2025

प्रति,
श्री सदस्य समस्त

महानुभाव, आपको सूचित किया जाता है कि सोसाइटी की विशेष साधारण सम्मिलन दिनांक 22.01.2025 को दिन के 10.00 प्रात: बजे स्थान प्रा. कृषि संस्था, संजीत पर आयोजित की गई है जिसकी अध्यक्षता रिटर्निग अधिकारी द्वारा की जायेगी, जिसकी आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।
विषय सूची-(1) सोसायटी की उपविधि क्रमांक 25 के अनुसार संचालक मंडल के सदस्यों का निर्वाचन करना।
नोट-रिटर्निंग अधिकारी द्वारा घोषित निर्वाचन कार्यक्रम संलग्न है।

सही - प्रबंधक
आजाद मत्स्याद्योग सहकारी सोसायटी मर्यादित, संजीत, तह. मल्हारगढ़


HAPPY BIRTHDAY HAPPY BIRTHDAY



हमारे प्रिय
**श्री दशरथसिंह चंद्रावत**
को आज जन्मदिवस पर

HAPPY Birthday

**हार्दिक शुभकामनाएं**

********* शुभेच्छु *********

सुभाष सहीते खरगोन, मांगीलाल पाटीदार, सुशील कुमार जैन सीहोर, रामप्रसाद राठौर पूर्व सरपंच रावटी, चैनसिंह दांगी भगोर, सत्यनारायण चौहान पिपलिया मंडी, दीपक मैहर घटिया, चंदवासा, श्याम बाबू पाटीदार जावरा, गिरिराज विजयवर्गीय मनासा, राजेश मारोतकर इंदौर, अखिलेश शर्मा (सेन्ट्रल फोटो), दीपक शर्मा, महेंद्र जैन पूर्व सरपंच धुंधडका, गोपाल धनगर सरपंच ग्राम पंचायत आकोदड़ा।


---

प्रारुप छ-8

(म.प्र. सहकारी सोसायटी नियम 1962 के नियम 49-ड. (3) के अंतर्गत)

## कार्यालय-रिटर्निंग अधिकारी समन्वय साख सहकारी सोसाइटी मर्या. मंदसौर

जिला मंदसौर पंजी क्रमांक 1414/डीआर/एमडीएस/15.12.2015

क्रमांक/नि.अधि./2025/01 दिनांक-08.01.2025

### /// निर्वाचन कार्यक्रम ///

म.प्र. राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी के आदेश क्रमांक/नि-2/6723 दिनांक 24.12.2024 के द्वारा मुझे समन्वय साख सहकारी सोसाइटी मर्यादित मंदसौर के निर्वाचन हेतु रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। संचालक मण्डल के सदस्यों के निर्वाचन हेतु निम्नलिखित निर्वाचन कार्यक्रम निश्चित किया गया है जो कि सोसायटी के समस्त सदस्यों के सूचनार्थ प्रकाशित करता हूं-

1. सोसायटी की पंजीकृत उपविधि क्रमांक22(3) के अनुसार संचालक मण्डल के लिए निर्वाचन किये जाने वाले सदस्यों की कुल संख्या ....11..... विवरण निम्नांकित है-

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (अ) | सामान्य वर्ग (अनारक्षित) से | 10 | इनमें से महिला वर्ग हेतु अनारक्षित | 02 |
| (ब) | अनुसूचित जाति वर्ग से | 01 | इनमें से महिला वर्ग हेतु अनारक्षित | ---- |
| (स) | अनुसूचित जनजाति वर्ग से | 00 | इनमें से महिला वर्ग हेतु अनारक्षित | ---- |
| | योग | 11 | योग | 02 |

(टीप- जिस वर्ग में महिला आरक्षण नहीं किया गया है उसे निरंक दर्शाया जावे।)

| | | |
|---|---|---|
| 2. | नामांकन प्रस्तुत करने का दिनांक, स्थान, समय | दिनांक- 15.01.2025, समय-प्रात: 11.00 बजे से दोपहर 03.00 बजे तक स्थान - सोसायटी कार्यालय, गोल चौराहा, मेडीपाईन्ट के उपर, मंदसौर |
| 3. | नामांकन पत्रों की जांच एवं वैध नामांकन पत्रों की सूची का प्रकाशन | दिनांक- 16.01.2025 को समय प्रात: 11 बजे से जांच पूर्ण होने तक स्थान - सोसायटी कार्यालय, गोल चौराहा, मेडीपाईन्ट के उपर, मंदसौर |
| 4. | नामांकन पत्रों की वापसी का दिनांक तथा चुनाव लड़ने वाले अंतिम उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन एवं चुनाव चिन्हों का आवंटन | दिनांक-17.01.2025, समय प्रात: 11.30 बजे से दोप. 3 बजे तक स्थान - सोसायटी कार्यालय, गोल चौराहा, मेडीपाईन्ट के उपर, मंदसौर |
| 5. | विशेष साधारण सम्मेलन में चुनाव (मतदान) | दिनांक-22.01.2025, समय प्रात: 10.00 बजे से संध्या 04.00 बजे तक स्थान - सोसायटी कार्यालय, गोल चौराहा, मेडीपाईन्ट के उपर, मंदसौर (चुनाव समाप्त होने के एक घंटे बाद मतगणना प्रारम्भ की जावेगी) |
| 6. | रिक्त स्थानों हेतु सहयोजन | दिनांक-23.01.2025, समय दोप. 11.00 बजे से दोप. 01.00 बजे तक स्थान - सोसायटी कार्यालय, गोल चौराहा, मेडीपाईन्ट के उपर, मंदसौर |
| 7. | अध्यक्ष/उपाध्यक्ष एवं अन्य सोसायटियों को भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों तथा अन्य पदाधिकारियों के निर्वाचन की सूचना जारी करना | दिनांक-25.01.2025 |
| 8. | अध्यक्ष/उपाध्यक्ष एवं अन्य सोसायटियों को भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों तथा अन्य पदाधिकारियों के निर्वाचन दिनांक, समय एवं स्थान | दिनांक 28.01.2025 समय दोप. 11 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक |

सही - टी.आर.गुन्द्रावत
वरि.सह.निरि. रिटर्निंग अधिकारी
समन्वय साख सहकारी सोसायटी मर्यादित, मंदसौर

प्रारुप छ-9

(म.प्र. सहकारी सोसायटी नियम 1962 के नियम 49-ड. (3) के अंतर्गत)

कार्यालय- समन्वय साख सहकारी सोसाइटी मर्या. मंदसौर जिला मंदसौर पंजी क्रमांक 1414/डीआर/एमडीएस/15.12.2015

सूचना

क्रमांक/निर्वा./आमसम्मिलन/2025/02 दिनांक-08.01.2025

प्रति,
श्री सदस्य समस्त

महानुभाव, आपको सूचित किया जाता है कि सोसाइटी की विशेष साधारण सम्मिलन दिनांक 22.01.2025 को दिन के 10.00 प्रात: बजे स्थान संस्था कार्यालय पर आयोजित की गई है जिसकी अध्यक्षता रिटर्निग अधिकारी द्वारा की जायेगी, जिसकी आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।
विषय सूची-(1) सोसायटी की उपविधि क्रमांक 22(3) के अनुसार संचालक मंडल के सदस्यों का निर्वाचन करना।
नोट-रिटर्निंग अधिकारी द्वारा घोषित निर्वाचन कार्यक्रम संलग्न है।
स्थान- संस्था कार्यालय, गोल चौराहा, मेडी पाईन्ट, मंदसौर

सही - प्रबंधक
समन्वय साख सहकारी सोसायटी मर्यादित, मंदसौर

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in